


**दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामना एवं अवकाश की सूचना**

31 अक्टूबर 2024 दीपपर्व की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नेहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। दीपावली पर्व पर डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।

- संपादक

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 107 | इंदौर, गुरुवार 31 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# ।। शुभ दीपावली ।।

## शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा। शत्रुबुद्धि-विनाशाय दीपज्योती नमोऽस्तुते।।

# 'दीपावली का पावन पर्व'

DGR @ नितिन -भारती अवस्थी

**1. भगवान राम जब अयोध्या लौटे थे**

दीपावली के लिए मान्यता है कि भगवान राम रावण का वध करके चौदह वर्ष का वनवास पूरा करने के पश्चात अयोध्या वापस आये थे। नगरवासियों ने पूरे अयोध्या को रोशनी से सजा दिया था।

**2. हिरण्यकश्यप का वध**

एक पौराणिक कथा में बताया गया है कि, विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था। दैत्यराज की मृत्यु पर प्रजा ने घी के दीये जलाकर दिवाली मनाई थी।

**3. कृष्ण ने नरकासुर का वध**

जब कृष्ण भगवान् ने अत्याचारी नरकासुर का वध दीपावली के एक दिन पहले चतुर्दशी को किया था। इसके बाद इसी खुशी को मनाने के लिए उसके अगले दिन अमावस्या को गोकुलवासियों ने दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं।

**4. शक्ति ने धारण किया जब महाकाली का रुप महाकाली ने राक्षसों का वध किया था**

उस समय वह बहुत ही क्रोधित थी। इनके क्रोध को शांत करने के लिए भगवान शिव स्वयं उनके सामने लेट गए थे। भगवान शिव के शरीर के स्पर्श मात्र से ही देवी महाकाली का क्रोध समाप्त हो गया था। इसी की याद में उनके शांत रुप लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है, इसी रात इनके रौद्ररुप काली की पूजा का भी विधान है।

**5. राजा बलि से लिया गया दान**

भगवान वामन ने राजा बलि से दान में तीन कदम भूमि मांग ली और विराट रुप लेकर तीनों लोक ले लिए। इसके बाद सुतल का राज्य बलि को प्रदान किया। सुतल का राज्य जब बलि को मिला तब वहां उत्सव मनाया गया, तबसे दीपावली की शुरुआत हो गई।

**6. समुद्र मंथन**

समुद्र मंथन के समय जब क्षीरसागर से महालक्ष्मीजी उत्पन्न हुई तो उस समय भगवान नारायण और लक्ष्मीजी का विवाह प्रसंग किया गया। इसके बाद से ही हर जगह उजियारा करने के लिए दीपक जलाएं गए तब से दीपावली का त्यौहार मनाया जाने लगा।

**8. जब प्रकट हुए लक्ष्मी, धन्वंतरि व कुबेर**

पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक, दीपावली के दिन ही माता लक्ष्मी दूध के सागर, जिसे केसर सागर के नाम से जाना जाता है, से उत्पन्न हुई थीं। साथ ही समुद्र मन्थन से आरोग्यदेव धन्वंतरि और भगवान कुबेर भी प्रकट हुए थे।"

दीपक आनंद प्रकट करने के लिए जलाए जाते हैं। भारतीय संस्कृति में दीपक को सत्य और ज्ञान का द्योतक माना जाता है, क्योंकि वो स्वयं जलता है, पर दूसरों को प्रकाश देता है। दीपक की इसी विशेषता के कारण धार्मिक पुस्तकों में उसे ब्रह्मा स्वरुप माना जाता है।

ये भी कहा जाता है कि, 'दीपदान' से शारीरिक एवं आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। जहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंच सकता है, वहां दीपक का प्रकाश पहुंच जाता है, दीपक को सूर्य का भाग 'सूर्यांश संभवो दीप।' कहा जाता है।

धार्मिक पुस्तक 'स्कंद पुराण' के मुताबिक, दीपक का जन्म यज्ञ से हुआ है। यज्ञ देवताओं और मनुष्य के मध्य संवाद साधने का माध्यम है, यज्ञ की अग्नि से जन्मे दीपक पूजा का महत्वपूर्ण भाग है।"

यह दीपोत्सव आपके जीवन में भी सुख समृद्धि, चेतना, ज्ञान और आध्यात्म का संचार करे...मां लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहे...



# दीपावली पर फूलों की महक से महका शहर

## गुलाब 300 , गेंदा 100 मोगरा 1500 रु किलो बिका ....

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दीपावली के अवसर पर दिल्ली में फूलों के कारोबार से पूरा शहर महक रहा है। आलम यह है कि फूलों की डिमांड बढ़ने की वजह से इसके दाम में दोगुना इजाफा हुआ है। इससे कारोबारियों का चेहरा खिल गया है। इंदौर फूल मंडी में कई तरह के देसी-विदेशी फूल बिक रहे हैं और सड़कों पर जाम भी लग रहा है। दिवाली के दौरान फूलों की मांग बढ़ जाने से कारोबारियों का चेहरा खिल जाता है। इस बार फूलों के रेट में भी बढ़ोतरी हुई है। पिछले हफ्ते जिस गुलाब के फूल की कीमत 100 रुपये प्रति किलो थी, उसका अब थोक दाम 250 से 300 रुपये प्रति किलो हो गया है। गेंदा जो पिछले हफ्ते 20 से 25 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा था। उसकी अब थोक कीमत 80 से100 रुपये प्रति किलो हो गई है। दीपपर्व पर घरों की सजावट में फूलों का भी काफी महत्व है। त्योहारों पर गेंदे के फूल का तो खास महत्व होता है। इन्हें शुभ माना जाता है और मंदिर हों या घर, त्योहारों पर गेंदे के फूल से ही सजावट होती है। ऐसे में त्योहारी सीजन में गेंदे के फूल की मांग बढ़ जाती है।



### दो दिनों में 100 टन फूलों का कारोबार

इंदौर में बाग खत्म हुए तो अब आपूर्ति अन्य राज्यों से हो रही है। ऐसे में इस दौरान फूलों के दाम भी उछलकर शिखर पर पहुंच जाते हैं। दीपावली के एक दिन पहले थोक फूल मंडी में गेंदा के दाम 80-100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए। गुलाब 250-300 रुपये किलो के भाव पर बिका और मोगरा ने रिकार्ड तोड़ते हुए 1500 रुपये किलो का स्तर छू लिया। धनतेरस के एक दिन पहले से दीपावली की सुबह तक फूलों की मांग सबसे अधिक रहती है। दो दिनों में ही शहर में कम से कम 100 टन फूल बिक जाते हैं। इस साल फूलों की आवक थोक मंडी में अच्छी रही।

### महाराष्ट्र और कर्नाटक के फूल खूब बिके

मालवा-निमाड़ के साथ ही महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी फूल बिकने इंदौर थोक मंडी में पहुंचे। हालांकि इंदौर की मांग को देखते हुए भावों में अच्छा खासा उछाल देखा गया। थोक मंडी में ही गेंदा बुधवार को 80-100 रुपये किलो तक बिक गया। खुदरा बाजार में मालाएं 150 से 200 रुपये किलो तक बोली जा रही है। थोक मंडी के फूल कारोबारी राकेश गोयल के अनुसार एक-दो दिन पहले तक गेंदा 50-60 रुपये किलो तक बिक रहा था। रूपचतुर्दशी पर थोक में ही भाव में 40 से 50 रुपये प्रति किलो का उछाल आ गया। गुलाब के दाम बीते वर्ष के समान ही है 250 से 300 रुपये किलो के भाव पर बिका। मोगरा की आवक काफी कम होती है। मोगरा 1400-1500 रुपये किलो बिका। सेवंती के फूल 60 से 150 रुपये किलो बिके।

### जमीनों के बढ़ते दामों से फूलों के बाग भी प्रभावित

फूलों के थोक कारोबारी नीलकंड फ्लावर के अशोक वर्मा के अनुसार इंदौर व आसपास के क्षेत्रों में जमीनों के बढ़ते दामों की वजह से फूलों के बाग भी खत्म होते जा रहे है। बहुत कम जगह फूलों की खेती रह गई है। थोक मंडी में उज्जैन, शाजापुर, शिवपुरी, ब्यावरा, गुना तक से हर दिन 40 से 50 छोटी गाड़ी (छोटा हाथी) फूलों की आ रही है। इसके साथ ही 10 से 12 बड़ी गाड़ी (आइसर) पहुंच रहे है। कर्नाटक से भी 2-3 गाड़ी और महाराष्ट्र से 10 गाड़ी से ज्यादा फूल यहां हर दिन आ रहे है। इतनी आवक के बाद भी मांग भरपूर बनी हुई है और दाम हर दिन उछल रहे हैं। कमल की आवक स्थानीय गुलावट से हो रही है। कमल के दाम 8 से 10 रुपये प्रति नग तक बिक रहा है।

---

गोवर्धन पूजा का उत्सव दीपावली से लेकर गोपाष्टमी तक

## विहिप, बजरंग दल और मां पराम्बा गो भक्त मंडल कार्यकर्ता सजाएंगे निगम गोशाला की 1600 गायें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल इंदौर विभाग एवं मां पराम्बा गो भक्त मंडल के कार्यकतार्ओं द्वारा इस बार गोवर्धन पूजा का उत्सव रेशम केन्द्र स्थित नगर निगम गोशाला की 1600 गायों को सजाने और दीपावली पर 31 अक्टूबर से लेकर 9 नवम्बर तक गोवर्धन पूजा महापर्व मनाने का संकल्प व्यक्त किया है। इसकी शुरूआत गुरुवार से हो जाएगी। गोवंश को सजाने का काम प्रशिक्षित पशुपालकों एवं ग्वालों के साथ कार्यकतार्ओं द्वारा गुरुवार से ही शुरू कर दिया जाएगा।

मां पराम्बा गो भक्त मंडल के प्रमुख एवं बजरंग दल-विहिप इंदौर विभाग गो रक्षा प्रमुख योगेश होलानी एवं अभिषेक उदेनिया बताया कि इस बार अनेक गोशाला संचालकों ने भी इन संगठनों के आग्रह पर अपनी-अपनी गोशालाओं से नागरिकों को निशुल्क गोबर प्रदान करने की सहमति भी प्रदान की है ताकि घरों में गोबर से ही गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया जा सके। इनमें श्री श्रीविद्याधाम गोशाला, ओमानंद गोशाला, कृष्ण बलदाऊ गोशाला, पंचकुइया राम मंदिर गोशाला, गोकुलम गोशाला, नगर निगम गोशाला तथा आदिनाथ गोशाला के नाम प्रमुख हैं। इन सभी गोशालाओं से नागरिकों को अपनी जरूरत के अनुरूप गोवर्धन पूजा के लिए निशुल्क गोबर उपलब्ध कराया जाएगा।

संगठन की ओर से यश बचानी, प्रवीण दरेकर, संतोष वर्मा एवं अविनाश कौशल भी इस अभियान में सहयोग करेंगे। गोवर्धन पूजा का उत्सव नगर निगम की गोशाला में स्वामी अच्युतानंद महाराज के सान्निध्य एवं समाजसेवी शैलेष मूंदड़ा एवं अमोल जिन्दाणी के आतिथ्य में धूमधाम से मनाया जाएगा और वहां की 1600 गायों को बजरंग दर के कार्यकर्ता मेंहदी, मोरपंख, कलंकी, घूंघरी, काले डोले, पीतल की घंटी, फुंदे एवं सजावट की अन्य सामग्री से सजाएंगे। गोशालाओं की सेवा समितियां भी गोपाष्टमी तक

---

## तिथियो के गड़बड़ी के बीच मनाई जाएगी दीपावली पूजन के बाद आतिशबाजी से गूंजेगा शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इस साल तिथियो के गड़बड़ी के चलते हर त्यौहार में व्यवधान उत्पन्न हुए है। दिपावली पर्व भी इससे अछूता नही रहा है। दो दिन अमावस्या होने से देशभर में कई स्थानो पर गुरुवार तो कुछ स्थानो पर शुक्रवार को दिपावली पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषियों की भी इसमें एक राय नही बन पाई है।

शहर पूरी तरह से महालक्ष्मीजी की अगवानी और स्वागत के लिए तैयार हैं। घरों के बाहर आंगन में रांगोली सजायी गयी है, रोशनी की गयी है तथा घर को सजाकर श्री महालक्ष्मी पूजन की तैयारियां कर ली गयी है। शाम ढ़लते ही दीप रोशन होंगे और बच्चे, युवा पटाखे चलाकर खुशियां मनायेंगे। बाजारों में उमड़ी भीड़ ने इस बात का एहसास करा दिया है कि गरीब हो या अमीर सभी ने अपनी हैसियत के अनुसार त्योहार की खरीदी कर दीपोत्सव की तैयारी की है। गुरुवार-शुक्रवार को दीपावली के अवसर पर आस्था के दीप प्रज्वलित होंगे। घर-घर लक्ष्मीजी की पूजा की जायेगी और सुख, समृद्धि के लिये आशीष मांगा जायेगा। पूजा के साथ ही बम पटाखों की गूंज के बीच दीपपर्व की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान भी होगा। लोगों ने मिठाईयां और धानी बताशे के साथ ही पूजन के लिये आवश्यक सामग्री की खरीदी की। बाजारों में पैर रखने की भी जगह नहीं थी।

### दीपावली पर पूजन का मुहूर्त

ज्योतिर्विद पं.अजय व्यास के अनुसार दीपावली पर पूजन का मुहूर्त चर लग्न (मेष), प्रदोष काल सायंकाल 5 बजे से 6.39 बजे तक घर-परिवार (गृहस्थ), प्रदोष काल स्थिर लग्न (वृषभ) शाम 6 बजकर 45 मिनट से लेकर 8 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। तंत्र मंत्र सिद्धि राज्य सुख संबंधित कार्य के लिए लक्ष्मी पूजा का निशिता मुहूर्त स्थिर लग्न-सिंह 31 अक्टूबर को रात 1 बजकर 15 मिनट से देर रात 3:05 बजे तक है।

### महिलाओं ने बनाये पकवान

घर में महिलाओं ने दीपावली के खास पकवान तैयार किए है। दीपावली पर गुजिया,शक्करपारे, चकली, अनारसे, लड्डू, चिवड़ा, पपड़ी, बेसन चक्की सहित अन्य पकवान तैयार किये गये हैं। महिलाएं पिछले तीन दिनों से दीपावली के पकवान तैयार करने में जुटी हुई है।

---

## धनतेरस के दिन इंदौर शहर में एक करोड़ व कंपनी क्षेत्र में 9.40 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दीपोत्सव के त्योहार के साथ ही रबी सीजन में बिजली की मांग में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। धनतेरस के दिन मंगलवार को इंदौर शहर की अधिकतम बिजली मांग 472 मैगावाट दर्ज की गई। शहर में इस दिन करीब एक करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति हुई। वहीं पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र यानि मालवा निमाड़ में भी इसी दिन रिकार्ड बिजली मांग 5359 मैगावाट बिजली मांग दर्ज की गई, कंपनी क्षेत्र में नौ करोड़ चालीस लाख यूनिट बिजली आपूर्ति की गई। जिलेवार तुलनात्मक रूप से मंगलवार को इंदौर जिले में सबसे ज्यादा पौने दो करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति हुई, धार जिले में डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति हुईं। इसी तरह तीसरे स्थान पर उज्जैन जिले में 98 लाख यूनिट, चौथे स्थान पर देवास जिला 88 लाख यूनिट, पांचवां खरगोन 68 लाख यूनिट, छठां रतलाम 67 लाख यूनिट आपूर्ति वाला जिला रहा। अन्य जिलों में 25 लाख से 50 लाख यूनिट बिजली आपूर्ति रही। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि मालवा निमाड़ क्षेत्र कृषि प्रधान हैं, इस कारण रबी की सीजन में बिजली मांग सतत बढ़ेगी, इसकी प्रत्येक जिलों में पूरी व्यवस्था की गई है।

---

## निगम में आया नया मोबाइल कोर्ट वाहन

### शहर के विभिन्न क्षेत्र में रिमूवल और मार्केट टीम के साथ लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाने वाली मोबाइल कोर्ट के लिए नई गाड़ी आ गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में जन स्वास्थ्य की दृष्टि से नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने, मिलावट और गंदगी पर नियंत्रण, अतिक्रमण तथा बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों के खिलाफ विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (म्यूनिसिपल मजिस्ट्रेट) के निर्देशन में समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रिमूवल और मार्केट टीम के साथ मोबाइल कोर्ट लगाई जाती है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (म्यूनिसिपल मजिस्ट्रेट) के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रिमूवल और




मार्केट टीम के साथ मोबाइल कोर्ट के सुचारू संचालन के लिए नगर निगम इंदौर द्वारा नया मोबाइल कोर्ट वाहन लाया गया है, जिसका उपयोग माननीय न्यायधीश की उपस्थिति में आयोजित मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में किया जाएगा।

# बदमाश की चाकू मारकर हत्य

## परिजनों ने खून से सना देखा तो पुलिस को दी सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिय़ा इलाके में देर रात एक बदमाश की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक पर लूट और मारपीट जैसे 6 अपराध दर्ज हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भेज दिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, चेतन पिता श्याम नवरंग पर हथियारों से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना देर रात 2 बजे के लगभग की बताई जा रही है। सुबह पिता ने डॉयल 100 पर कॉल कर जानकारी दी है। पिता श्याम ने बताया, वह आगे वाले कमरे में थे। उनके घर में पीछे भी गेट है। वहीं के कमरे में चेतन सोया था। सुबह उन्होंने खून देखा तो पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस से मिली प्रारभिंक जानकारी के मुताबिक, चेतन का शव उसके घर में मिला है। पुलिस पूरे मामले को संदेह के आधार पर देख रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## शादी का झांसा देकर किया शोषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक युवती को युवक ने शादी करने का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करता रहा। विजयनगर एसीपी आदित्य पटले के मुताबिक, युवती की शिकायत पर आनंद सिंह निवासी विन्दोल विहटा, पटना (बिहार) के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह 2014 से इंदौर में रह रही है। यहां एक कंपनी में काम के दौरान 2018 में उसकी पहचान आनंद से हुई। हमारी दोस्ती हुई। एक दिन आनंद ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। इसी बीच उसने दूसरी कंपनी जॉइन कर ली। उसे भी नई कंपनी जॉइन करने के नाम पर रूम पर बुलाया शादी करने का कहकर रिलेशन बनाए। इसके बाद वह उसके रूम पर आने लगा और कई बार गलत काम किया। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# इंदौर नगर निगम में आज नहीं कल मनेगी दिपावली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर नगर नगम में दीपावली 1 नवंबर को मनेगी। इसी दिन निगम के लेखा विभाग में लक्ष्मी का पूजन किया होगा, जिसके पीछे दो मुख्य कारण है। पहला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव गुरुवार को इंदौर में नहीं रहेंगे। वह बुधवार को दुबई रवाना हो चुके हैं, जहां वे ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान वे अर्बन सिटी डैवलपमेंट प्लानिंग को लेकर भारत के विचार दुनिया के सामने रखेंगे। वहीं, दूसरा कारण इंदौर के पंडितों द्वार 1 नवंबर को दीपावली पूजन करने को शास्त्र सम्मत मना गया है। दुबई रवाना होने से पहले महापौर भार्गव ने बताया कि दुनिया के सामने हम भारत के शहरों में हो रहे विकास पर चर्चा करेंगे, साथ ही दुनिया के देशों से आज के अर्बन शहरों के विकास में आने वाली समस्याओं के समाधान खोजने का प्रयास करेंगे।

### इन मुद्दों पर मंथन

ब्रिक्स सम्मेलन में वैश्विक महत्त्व के कई मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा, जिसमें जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश शामिल हैं। इसके साथ ही ब्रिक्स देशों के बीच चिकित्सा संसाधनों तक उचित पहुंच हेतु अनुसंधान और नवाचार में सहयोग को मजबूत करने के लिए सहयोग और प्रतिबद्धता भी शामिल है।

# दपंति ने की धोखाधड़ी, रुपए लिए, फिर बेचे हुए प्लाट का कर दिया सौदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा पुलिस ने नेहरू नगर में रहने वाले दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दोनों ने क्लर्क कालोनी पूजा पिता प्रमोद तिवारी (34) से उधार रुपए लिए थे। यह रुपए नहीं चुकाए और एक प्लाट की सौदा रसीद लिखकर दी। जबकि वह प्लाट पहले किसी को बेचा जा चुका था। मामले में पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार पूजा तिवारी की शिकायत पर जांच उपरांत अनिल पिता ईश्वरदेव ठाकुर, और पत्नी सोनीदेवी पति अनिल ठाकुर निवासी ऐसिक निकुंज नियर अटल द्वार नेहरूनगर के विरुद्ध अपराध धारा 420,406 भादवि में केस दर्ज किया गया है। आवेदिका पुजा तिवारी पिता प्रमोद तिवारी ने दोनों के खिलाफ पुलिस को शिकायत की थी, जिसकी जांच प्रआर देवेन्द्र यादव द्वारा की जा रही है। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता पूजा तिवारी का अनावेदक अनिल ठाकुर एवं सोनी देवी से रुपयो का लेन देन होना और शिकायतकर्ता के बैंक खाता से दोनो पति-पत्नी के खाते में रुपया जाना व पूजा तिवारी के खाते में अनावेदकों की ओर से रुपया आना इस प्रकार लेन देन पाया गया है। इसी अनुक्रम में दिनांक 19 जनवरी 2022 को अनिल ठाकुर ने उक्त रुपयों की समय सीमा में अदायगी अन्यथा स्थिति में उसका श्री कृष्ण एनक्लेव में स्थित प्लाट क्र. 123 क्षेत्रफल 870 वर्गफीट को शिकायतकर्ता पूजा तिवारी के नाम रजिस्टर्ड कराने हेतु एक स्टाम्प पेपर पर प्लाट की सौदा रसीद लिखकर दिया, जबकि अनिल ठाकुर एवं उसकी पत्नी सोनीदेवी ने पूर्व में ही प्लाट को किसी अन्य को विक्रय भी कर दिया। जांच के दौरान पाया गया कि अनिल ठाकुर एवं सोनी देवी ने शिकायतकर्ता से रुपये लेने के बाद उसकी अदायगी हेतु प्लाट का भरोसा दिलाकर ना तो रुपयों की अदायगी की और ना ही संम्वधित प्लाट विक्रय किया, बल्कि उक प्लाट किसी अन्य को विक्रय कर दिया। जांच दोनों के विरुध्द प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 420,406 भादवि का होना पाया जाने से प्रकरण दर्ज किया गया।

## पर्स चुराने वाला बदमाश पकड़ाया


**इंदौर**। वीर भूमि एक्सप्रेस ट्रेन से महिला यात्री का पर्स चुराने वाले बदमाश को रेलवे पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से चुराए हुए मोबाइल, पर्स और पैसे भी बरामद किए गए हैं। रेलवे थाना प्रभारी संजय शुक्ला के अनुसार करीब 4 महीने पहले वीर भूमि एक्सप्रेस ट्रेन से सफर कर रही महिला यात्री ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात बदमाश पर्स चुरा ले गया है। उसमें सोने की रिंग और मोबाइल भी रखा था। फरियादी सोनम जोशी की इस शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल भी ट्रेकिंग पर डलवाए थे साथ ही मुखबिर तंत्र को भी अलर्ट किया था। कल आरोपी अरबाज पिता सूर मोह मद निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन के बारे में रेलवे पुलिस को जानकारी मिली, जिसके बाद उसे पकड़ा गया। उससे चुराया हुआ माल भी बरामद कर लिया गया है।

# फर्जी आधार कार्ड से कमरा किराए पर लिया, युवती के साथ रहने लगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक युवक ने फर्जी आधार कार्ड से कमरा किराए पर लिया और युवती के साथ रहने लगा। लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।**

मामला बाणगंगा इलाके का है। पुलिस के मुताबिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कमरा किराए से लेने के मामले में पुलिस ने हनी उर्फ मोबिन खान और उसकी महिला मित्र पर केस दर्ज किया है। भाजपा नेता चंदन सिंह बैस ने दोनों को लेकर बाणगंगा पुलिस से शिकायत की थी। बैस ने अपनी शिकायत में बताया था कि महेश सिंह जादौन के मकान में एक लडक़ा और लडक़ी किराए से रहने आए। लडक़े ने अपना नाम हनी रायकवार बताया। जबकि उसका असली नाम मोबिन खान निवासी सदर बाजार है। मकान मालिक को इस बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कमरा किराए से लेने वाले का असली नाम मोबिन उर्फ मोहसिन उर्फ हनी उर्फ मोमिन खान है। उसने महेश जादौन को जो आधार कार्ड दिया, उसमें अपना नाम हनी पिता कमल रायकवार, निवासी राज पैलेस द्वारकापुरी बताया। पूछताछ में उसने फर्जी आधार कार्ड बनवाने की बात कबूल ली। बताया जाता है कि मोबिन पर पूर्व में भी अपराध दर्ज है। पुलिस के मुताबिक उसने एक शॉप से आधार कार्ड बनवाने की बात कही है। उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए यह सब किया है। जिसमें आगे मामले की जांच की जा रही है।




## महिला यात्री का पर्स चुराने वाला गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ट्रेन से महिला यात्री का पर्स चुराने वाले बदमाश को रेलवे पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से चुराए हुए मोबाइल, पर्स और पैसे भी बरामद किए गए हैं। रेलवे थाना प्रभारी संजय शुक्ला के अनुसार करीब 4 महीने पहले वीर भूमि एक्सप्रेस ट्रेन से सफर कर रही महिला यात्री ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात बदमाश पर्स चुरा ले गया है। उसमें सोने की रिंग और मोबाइल भी रखा था। सोनम जोशी की इस शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल भी ट्रेकिंग पर डलवाए थे साथ ही मुखबिर तंत्र को भी अलर्ट किया था। कल आरोपी अरबाज पिता सूर मोहम्मद निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन के बारे में रेलवे पुलिस को जानकारी मिली, जिसके बाद उसे पकड़ा गया। उससे चुराया हुआ माल भी बरामद कर लिया गया है।

## क्रॉनिक किडनी रोग: एक बढ़ती हुई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती

**इंदौर**। किडनी स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, फिर भी भारत में समय से पहले होने वाली मृत्यु का यह प्रमुख कारण प्रायः अनदेखा रह जाता है। वैज्ञानिक रूप से क्रॉनिक किडनी रोग ( सीकेडी ) के नाम से जाना जाने वाला यह रोग समय के साथ किडनी की कार्यक्षमता में धीरे-धीरे कमी का कारण बनता है। इस रोग की अंतिम अवस्था, जिसे एंड स्टेज किडनी डिजीज ( ईएसकेडी ) कहा जाता है, में किडनी प्रत्यारोपण या रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी ( आरआरटी ) जैसे उपचार की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भारत में ईएसकेडी के प्रमुख कारण मधुमेह (हाई ब्लड शुगर) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) हैं, जो दर्शार्ता है कि भारतीय जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा इस गंभीर रोग के खतरे में है। इस बढ़ती समस्या का समाधान करने के लिए, फ्रेसिनियस मेडिकल केयर ( एफएमई )इंडिया, जो डायलिसिस और रीनल केयर में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, ने अपनी सीएसआर पहल के तहत किडनी किड जागरूकता अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को किडनी स्वास्थ्य और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना है।

# भस्म आरती में बाबा को लगा उबटन, मोहन यादव ने सीएम हाउस में बनाई रंगोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

हिंदू परंपरा का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली देश में सबसे पहले महाकाल मंदिर में मनाया गया। गुरुवार तड़के भस्म आरती में महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया। पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान को केसर, चंदन, इत्र का उबटन लगाया। अन्नकूट का भोग भी लगाया गया। फुलझड़ी जलाकर रूप चौदस और दिवाली की शुरुआत की गई।

दीपावली के स्वागत के लिए मध्यप्रदेश एक दिन पहले 30 अक्टूबर को पूरी तरह जगमगा उठा। गली, मोहल्ले, शॉपिंग मॉल्स, सरकारी-गैर सरकारी बिल्डिंग्स पर रंगबिरंगी लाइटिंग है। आसमान में आतिशबाजी और जमीन पर दीयों-झालरों की रोशनी है। इस बार 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को दोनों दिन दीपावली होने से लोगों को खुशियों का डबल डोज मिला है।



उज्जैन में महाकाल मंदिर के अलावा मध्यप्रदेश की अयोध्या यानी ओरछा में रामराजा मंदिर समेत राज्य के दूसरे मंदिरों पर अलौकिक-अतुलनीय छटा बिखरी है। राजधानी भोपाल की रंगत देखते ही बन रही है तो अहिल्या बाई की नगरी और प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर समेत जबलपुर, ग्वालियर भी पीछे नहीं हैं।

दीपावली के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अपने सरकारी आवास पर बालिका महक साहू के साथ रंगोली बनाई।

### महाकाल ने गर्म जल से किया स्नान

पुजारी महेश शर्मा ने बताया, सुबह 4 बजे भस्म आरती के दौरान स्नान के बाद महाकाल का दूध, दही, घी, शहद और फल के रस से बने पंचामृत से अभिषेक पूजन किया गया। कार्तिक मास की चौदस से ठंड की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया। आज से महाशिवरात्रि तक भगवान गर्म जल से ही स्नान करेंगे। पुजारी ने बताया, रूप चौदस होने के चलते भगवान को पुजारी परिवार की महिलाओं ने सुगंधित द्रव्य से बना उबटन लगाया। भगवान के श्रृंगार के बाद भोग के रूप में अन्नकूट अर्पित किया। इसमें धान, खाजा, शक्कर पारे, गूंजे, पपड़ी, मिठाई समेत भोग की थाली में मूली, बैंगन की सब्जी अर्पित की गई। इसके बाद दिव्य भस्म आरती की गई। साथ ही फुलझड़ी जलाकर दिवाली का पर्व मनाया गया।

## सीने-पेट में घुसे सरिए, कटर मशीन से काटे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में इंजीनियर-डॉक्टर ने मिलकर एक मजदूर की जान बचाई। मजदूर के सीने और पेट में घुसे सरिए निकालने के लिए ऑपरेशन ढाई घंटे तक चला। इंजीनियर ने स्ट्रेचर पर ही उसके शरीर में घुसे सरिए इलेक्ट्रिक कटर से काटे। जिसके बाद मेडिकल टीम ने उन्हें बाहर निकाला। दरअसल, मंगलवार दोपहर को ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 के बाहर रेलवे के निर्माणाधीन रिहायशी टॉवर में काम कर रहा एक मजदूर छत से नीचे आ गिरा था। वहां रखे 12 मिलीमीटर के दो सरिए उसके पेट और हाथ में घुसे जबकि एक सीने से आर-पार हो गया था। ठेकेदार और साथी मजदूर उसे जयारोग्य हॉस्पिटल (जेएएच) के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे थे। फिलहाल घायल की हालत स्थिर बनी हुई है। डॉक्टर नजर रखे हुए हैं। ग्वालियर में घास मंडी निवासी 30 वर्षीय छोटू जाटव पेशे से मजदूर है। मंगलवार सुबह 8 बजे प्लेटफॉर्म नंबर चार के बाहर रेलवे स्टेशन परिसर में रिहायशी टॉवर में काम कर रहा था। इसी दौरान बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। मजदूर जहां गिरा था, वहां लिफ्ट एरिया था। वहीं पड़े सरिए उसके शरीर में घुस गए। रिहायशी टॉवर का निर्माण कार्य केपीसी कंपनी कर रही है। छोटू इसका काम कर रहे स्थानीय ठेकेदार का मजदूर है।

## नेताओं की दिवाली... सीएम मोहन यादव उज्जैन में रहेंगे, शिवराज, दिग्विजय भोपाल में

◆ पटवारी विजयपुर के आदिवासियों के बीच मनाएंगे दीपोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। दीपोत्सव पर चारों हर घर - आंगन, गली - मोहल्ला जगमग है। घरों में गुजिया और तरह-तरह के पकवान बन रहे हैं। आम लोगों की तरह मध्यप्रदेश के दिग्गज नेता भी दिवाली मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित तमाम नेताओं ने बाजार जाकर दीये खरीदे।**

### सीएम भोपाल, फिर उज्जैन जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर तक भोपाल में रहेंगे। शाम को वे उज्जैन पहुंचेंगे। भोपाल में सेवा भारती की संस्था आनंद धाम जाएंगे। इसके बाद चौक बाजार पहुंचकर खरीदारी भी करेंगे और आम लोगों को दिवाली की बधाई भी देंगे। सीएम उज्जैन में परिवार के साथ दिवाली मनाएंगे।

### शिवराज भोपाल में रहेंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में रहकर दिवाली मनाएंगे। शिवराज झारखंड राज्य में बीजेपी के प्रदेश प्रभारी भी हैं। आज वे भोपाल से ही दो-तीन वर्चुअल बैठकें करेंगे। शाम को परिवार के साथ भोपाल के 74 बंगला स्थित सरकारी आवास 'मामा का घर' में दिवाली पूजन करेंगे।

### सिंधिया दिल्ली में, दिव्यांगों से खरीदी मिठाई

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिल्ली में ही दिवाली मनाएंगे। उन्होंने बुधवार को छोटी दिवाली पर दिल्ली में एक लोकल दुकान से खरीदारी की। इस दौरान दिव्यांगजनों द्वारा बनाई गई मोमबत्तियों को देख सिंधिया ने कहा, 'सारा सामान बहुत सुंदर है, आप सब कितने प्रतिभाशाली हैं।' दिल्ली स्थित संचार भवन में दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए सामान की दुकान लगी थी।

### वीडी शर्मा भोपाल में रहेंगे

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा आज दिवाली पर भोपाल में ही रहेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में वे पूजा - अर्चना कराने के बाद कार्यकर्ताओं और कार्यालय के स्टाफ को दिवाली की शुभकामनाएं देंगे। शाम को वे अपने 4 इमली स्थित आवास पर परिवार के साथ दिवाली मनाएंगे।

### जीतू विजयपुर में दिवाली मनाएंगे

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी दिवाली विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में ही मनाएंगे। वे आज सुबह 10 बजे विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के सेसईपुरा पहुंचेंगे। 11 बजे कराहल में पनवाड़ा तिराहा से हायर सेकेंडरी स्कूल तक रोड शो में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे कराहल में ही तहसील कार्यालय के सामने बांस रैया मोहल्ला व आदिवासी बस्ती और जाटव बस्ती में आयोजित दीपावली उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। जीतू पटवारी दोपहर 1 बजे कराहल में ही गणेश बाजार, पालीवाल चौक बाजार में रोड शो के बाद करियादेह तिराह चिंताहरण हनुमान मंदिर में दर्शन करेंगे। वे दोपहर 2 बजे खिरखिरी, दोपहर बाद 3 बजे बाढ़ और शाम 4 बजे मोराई में आयोजित दीपावली उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5 बजे मोराई से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### उमंग परिवार के साथ भोपाल में मनाएंगे त्योहार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विदर्भ क्षेत्र के प्रभारी हैं। वे करीब 15 दिन बाद महाराष्ट्र से भोपाल पहुंचे। उनके परिवार जन भी बुधवार को भोपाल पहुंच गए हैं। नेता प्रतिपक्ष परिवार के साथ भोपाल में ही रहकर दीवाली मनाएंगे।

### दिग्विजय भोपाल, कमलनाथ दिल्ली में

दीपावली के मौके पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भोपाल में रहेंगे। वे अपने परिवार के साथ भोपाल में ही दीवाली मनाएंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिल्ली में रहेंगे और दीपोत्सव मनाएंगे।

## दीवाली से पहले हैवान बना बेटा, माता-पिता चीखते रहे, उसने पत्थर से कुचलकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। संपत्ति के लालच में वहशी बेटे ने दीपावली से पहले माता-पिता को पत्थर पर पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया।**

रिश्तों को कलंकित करने का ये मामला छिंदवाड़ा जिले के हर्रई नगर की है। टीआई ओमेश मार्को के मुताबिक बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर एक बायपास के पास दो शव पड़े हुए हैं, उसके बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान डोरीलाल लिलिधर राय 82 साल, और उनकी पत्नी विद्या डोरीलाल राय 69 साल के रूप में हुई है। देखने से पता चल रहा था उन्हें पत्थर पर पटक-पटककर मारा गया है।

टीआई ने कहा कि दोनों की हत्या उनके 50 वर्षीय बेटे राधेश्याम राय ने पत्थर पटककर की है। राधेश्याम राय का अपने माता-पिता के साथ जमीन जायदाद को लेकर विवाद चल रहा था, इसी के चलते उसने देर रात माता-पिता से विवाद किया और पत्थर पटक पटक कर उनकी हत्या कर दी। फिलहाल, पुलिस ने पंचनामा बनाकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।



### पुलिस को सुबह लगी जानकारी

दरअसल, यह हत्या बीती रात को तकरीबन 3 बजे के आसपास हुई थी। लेकिन, इस की जानकारी पुलिस को सुबह एफआरबी द्वारा लगी, जिसके बाद तत्काल टीआई और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की इन्वेस्टीगेशन शुरू कर दी। प्रथमदृष्टया पत्थर पटककर दोनों की हत्या की गई थी, जिसके चलते पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिवाली मनाने के लिए मांगे थे पैसे

पड़ोसियों की मानें तो संपत्ति को लेकर विवाद में अक्सर परिवार में झगड़ा होता रहता था। बीती रात बेटा दीपावली मनाने के लिए पैसे मांग रहा था, पर माता-पिता ने देने से इंकार कर दिया था। इससे बेटा गुस्से में आगबबूला हो गया और बुजुर्ग मात-पिता पर हमला कर दिया।

### आरोपी नहीं है शादीशुदा

पुलिस ने बताया कि मृतक के एक बेटा और एक बेटी थे उसकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी थी, जबकि आरोपी कि अभी तक शादी नहीं हुई थी। बताया जा रहा है कि अक्सर वह अपने माता-पिता से जमीन जायदाद के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहा था।

# संपादकीय

## निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग, लोकतंत्र बचाने वाले कर रहे हर किसी को हैरान

महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में लोकतंत्र बचाने के दावे के साथ जारी चुनावी जंग में दोनों पक्षों की भाषा ऐसे स्तर पर उतर गई लगती है, जिसमें खुद को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन बताने के लिए कई बार आपत्तिजनक शब्दों का भी सहारा लिया जाने लगा है। यह किसी तीसरी दुनिया या पिछड़े कहे जाने वाले देश के राजनीतिक माहौल के संदर्भ में होता, तो उसकी वजहें समझी जा सकती थीं। मगर हैरानी की बात है कि अमेरिका जैसे सभ्य और विकसित माने जाने वाले देश में भी मुख्य प्रत्याशियों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की ओर से न्यूयार्क की एक रैली में उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के बारे में कुछ निजी और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। वहीं कमला हैरिस ने भी मुद्दों के बजाय ट्रंप को खतरनाक और राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य बताया। दोनों ही प्रत्याशी खुद को अमेरिका के लोकतंत्र का ज्यादा सक्षम और योग्य पहरुआ बता रहे हैं। सवाल है कि अमेरिका जैसे देश में इतने वर्षों के लोकतंत्र के बावजूद अब तक किस परंपरा का विकास हुआ है कि आज भी एक प्रत्याशी को दूसरे पर हावी होने के लिए जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय निजी हमलों और सनसनी फैलाने वाले आरोपों का सहारा लेना पड़ रहा है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि शीर्ष पदों पर बैठे, देश का नेतृत्व करते या उसके लिए दावेदारी करने वाले लोग जब जनता से संवाद करते हैं, तो उसमें मुद्दों पर बातें करने के लिए इस्तेमाल होने वाली भाषा का लोगों पर कैसा असर पड़ता है। लोगों के सोचने-समझने का स्तर भी कई बार मुख्यधारा के राजनीतिक माहौल से संचालित और निर्धारित होने लगता है। जबकि अगर अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों मुख्य उम्मीदवार एक-दूसरे को कमतर ठहराने के लिए निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल करने के बजाय आम लोगों के हित से जुड़े मसलों के हल का खाका पेश करते, तो न केवल लोगों में एक परिपक्व समझ का विकास होता, बल्कि देश का लोकतंत्र भी मजबूत होता।


**अर्ज किया है..!**

*सभी के दीप सुंदर हैं*
*हमारे क्या तुम्हारे क्या*
*उजाला हर तरफ़ है*
*इस किनारे उस किनारे क्या*

*-हफ़ीज़ बनारसी*

# अयोध्या में चारों तरफ दिखी राम के दर्शन की लालसा, हर घर-आंगन में मना दीपोत्सव

**रामनगरी अयोध्या दिवाली से एक दिन पहले दीयों से जगमग हो गई। सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीये जलाए गए। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड बन गया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने भी इसकी घोषणा की। पिछले साल 22 लाख दीये जलाए गए थे। सीएम योगी ने राम मंदिर में पहला दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। 1600 अर्चकों ने सरयू आरती की।**





New Delhi

# प्रधानमंत्री मोदी कच्छ में जवानों संग मनाएंगे दिवाली! LAC के करीब सैनिकों से मिलेंगे रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार भी भारतीय सेना के सैनिकों संग दिवाली का त्योहार मना सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी कच्छ में भारतीय सैनिकों के साथ दिवाली सेलिब्रेट कर सकते हैं. पीएम बनने के बाद यह पहली बार होगा, जब वे गुजरात में जवानों के साथ दिवाली का त्योहार मनाएंगे. इससे पहले, जब मोदी मुख्यमंत्री थे, तब भी उन्होंने गुजरात के जवानों के साथ दिवाली मनाई थी.**



सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी केवड़िया में लौह पुरुष सरदार सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सीधे कच्छ जाएंगे, जहां वे जवानों के साथ समय बिताएंगे और उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं देंगे. उनका यह दौरा राष्ट्रीय एकता और सैनिकों के सम्मान के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है. बता दें, पहले भी कई बार पीएम मोदी दिवाली के मौके पर जवानों के संग नजर आ चुके हैं. पिछले साल (2023) में पीएम हिमाचल प्रदेश पहुंचे थे.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दिवाली का पर्व मनाने के लिए अरुणाचल प्रदेश के तवांग पहुंचेंगे. वहां पर वह भारतीय सेना के जवानों के साथ दीपावली का जश्न मनाएंगे. बता दें, इससे पहले, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी बुधवार शाम को असम के तेजपुर पहुंचे थे. यहां उन्होंने मेघना स्टेडियम में सेना के जवानों के साथ दिवाली का जश्न मनाया और उनके साथ डिनर भी किया.

New Delhi

## पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक से पीछे हटे भारत और चीन के सैनिक



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक के मैदानों में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच सैनिकों की वापसी पूरी हो गई है. भारतीय सेना के सूत्रों ने पुष्टि की है. यहां 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से तनाव बना हुआ था. सूत्रों ने कहा कि इस सकारात्मक कदम के लिए दोनों पक्ष 31 अक्टूबर को दिवाली पर मिठाइयां बांटेंगे.

डिफेंस सूत्रों ने इंडिया टुडे टीवी को बताया, सैन्य वापसी हो गई जिसमें विवादित क्षेत्रों से सैनिकों, टेंट और अस्थायी स्ट्रक्चर को वापस लिया गया. इससे अब नियमित गश्त पर संभावित वापसी का रास्ता साफ हो गया है. इस घटनाक्रम के बाद, दोनों पक्ष जल्द गश्त शुरू करेंगे. जिसमें जमीनी स्तर के कमांडर-ब्रिगेडियर और उससे नीचे के अधिकारी सीमा क्षेत्रों में विशिष्ट तौर-तरीकों को तय करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चर्चा जारी रखेंगे. दोनों पक्ष सैनिकों की वापसी से जुड़ी खबर साझा कर रहे हैं. जबकि पीछे हटने की पुष्टि हो चुकी है. भारत और चीन के स्थानीय सैन्य कमांडरों ने 30 अक्टूबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर देपसांग और डेमचोक में बैठक की, ताकि पीछे हटने के प्रयासों को अंतिम रूप दिया जा सके. सिलसिलेवार तरीके से पीछे हटने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में मंगलवार को देपसांग में हवाई सत्यापन पूरा हुआ. अस्थायी प्रतिष्ठानों को हटाने और सैनिकों की योजना के अनुसार पीछे हटने की पुष्टि करने के लिए मानव रहित हवाई वाहनों (UAV) को तैनात किया गया था.

Uttarpradesh

## बदायूं में भीषण सड़क हादसा: छह लोगों की मौत, पांच घायल, दिवाली मनाने नोएडा से घर जा रहे थे सभी

**बदायूं, (एजेंसी)** बदायूं के मुजरिया थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। मुजरिया गांव के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो में सवार छह लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए हैं। इसी दौरान पीछे से आ रही कार डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार लोगों को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी को अस्पताल भिजवाया, जहां छह लोगों की मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक टेंपो सवार लोग नोएडा में काम करते थे। ये सभी लोग दिवाली मनाने के लिए टेंपो बुक कर वहां से घर लौट रहे थे। सुबह करीब सात बजे इनका टेंपो मुजरिया गांव के समीप पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाईवे पर गलत दिशा से ट्रैक्टर आ रहा था, जिससे टेंपो टकरा गया। इसी बीच पीछे से आई कार भी डिवाइडर से टकरा गई। ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग जुट गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

Punjab

## पंजाब में कश्मीर की तर्ज पर लोकल नेटवर्क बना रहे खालिस्तानी, पाकिस्तान भी कर रहा फंडिंग

**पंजाब, (एजेंसी)** खालिस्तानी समूहों की नई रणनीति को लेकर सुरक्षा एजेंसियां काफी चौकन्ना हैं। एनआईए जांच के दौरान पता चला है कि खालिस्तानी समूह पंजाब में कश्मीर की तर्ज पर अपने स्थानीय मददगारों का नेटवर्क तैयार करने में जुटे हैं, जिससे वे अपने अस्थिरता के प्लान को क्रियान्वित कर सकें। कनाडा और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकियों के निर्देश पर स्थानीय मोड्यूल में युवाओं की भर्ती की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों की योजना को नेस्तनाबूत करने की रणनीति को लेकर काउंटर प्लान तैयार किया है। सूत्रों ने कहा स्थानीय मोड्यूल के जरिये व्यापारियों से बड़े पैमाने पर जबरन वसूली की योजना बनाई गई है। इस पैसे के माध्यम से




खालिस्तान आंदोलन की मुहिम को मजबूत करने की कोशिश विदेशों में बैठे आतंकी आका कर रहे हैं। बीकेआई और उसके कार्यकर्ताओं के लिए धन जुटाने की साजिश का खुलासा एनआईए कई अलग-अलग मामलों में कर चुकी है।

खेल

## रोहित-कोहली से पहले युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम, अनौपचारिक टेस्ट में अभिमन्यु-कृष्णा पर रहेगी नजर

**मकॉय, (एजेंसी)** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच गुरुवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में अभिमन्यु ईश्वरन, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इन तीनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन पर विशेष निगाह रखेगी। इनमें ईश्वरन का प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अगर कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से पांच टेस्ट मैच की इस सीरीज के एक या दो मैच में नहीं खेल पाते हैं तो फिर इस 29 वर्षीय बल्लेबाज को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है।



ईश्वरन काफी अनुभवी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 7638 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस समय अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में परिस्थितियां पूरी तरह से अलग होंगी। नीतीश के आंकड़े इतने प्रभावशाली नहीं हैं, लेकिन वह तेज गेंदबाजी करने के अलावा अच्छी बल्लेबाजी भी कर लेते हैं और इसी वजह से चयन समिति ने चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शार्दुल ठाकुर पर उन्हें प्राथमिकता दी है। नीतीश के पास अपनी काबिलियत साबित करने का यह बेहतरीन मौका होगा।

प्रसिद्ध को बाद में भारत ए टीम में शामिल किया गया। प्रसिद्ध ने चोट से उबरने के बाद दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में जो सात मैच खेले हैं उनमें वह सात विकेट ही ले पाए। लेकिन लगता है कि चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर उनके लंबे कद का फायदा उठाना चाह रहे हैं।

इन तीनों के अलावा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन, तेज गेंदबाज यश दयाल और नवदीप सैनी तथा मध्य क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटाना चाहेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज किशन भी इस मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं...**

**भारत ए :** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नीतीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया ए :** नाथन मैकस्वीनी (कप्तान), कैमरून बैनक्रॉफ्ट, स्कॉट बोलैंड, जॉर्डन बकिंघम, कूपर कोनोली, ओली डेविस, ब्रेंडन डोगेट, मार्कस हैरिस, सैम कोनस्टास, नाथन मैकएंड्रयू, माइकल नेसर, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, जिमी पीरसन, जोश फिलिप, कोरी रोचिसिओली, ब्यू वेबस्टर।

सिनेमा

## सलमान खान और जीशान सिद्दीकी को धमकाने वाला गिरफ्तार, मांगे थे 2 करोड़ रुपये



मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को 56 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया. उसने कथित तौर पर मैसेज भेजकर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और महाराष्ट्र NCP नेता जीशान सिद्दीकी को दो करोड़ रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी. मिली जानकारी के मुताबिक, आजम मोहम्मद मुस्तफा ने मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि दोनों का भी वही हश्र होगा जो पूर्व राज्य मंत्री बाबा सिद्दीकी और जीशान सिद्दीकी के पिता का हुआ था और उसकी चेतावनी को मजाक नहीं समझा जाना चाहिए. बता दें कि बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को बांद्रा इलाके में तीन बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. वर्ली पुलिस ने संदेश प्राप्त होने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है.

अधिकारी ने बताया कि बुधवार को उन्होंने बांद्रा (पश्चिम) स्थित ब्लू फेम अपार्टमेंट के निवासी मुस्तफा को गिरफ्तार किया. यह एक पॉश इलाका है. मुस्तफा के पास से अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया गया है.




1. **No Hindu-Muslim angle to ban on firecrackers in Delhi: Kejriwal**
2. **Mahayuti seat distribution still incomplete: Congress' Nana Patole**
3. **We stand ready to do more for Palestinian people: India at UNSC**
4. **Delhi's air quality drops to 'severe' category, smog engulfs city**
5. **Indian-origin teen may've been pushed into oven in Canada: Walmart workers**

# RBI's Diwali mission: Secretly get 102 tonnes of gold from England to India

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) announced On Dhanteras (October 29, 2024) it has transported an extra 102 tonnes of gold from the Bank of England to secure storage facilities in India. RBI had a meticulous plan to securely, and discreetly, transport the gold.




The RBI held 854.73 metric tonnes of gold in total from both domestic and overseas storage facilities, according to its report titled, '43rd Half Yearly Report on Management of Foreign Exchange Reserves: April - September 2024.'

Out of this, 510.46 metric tonnes were held domestically and 324.01 metric tonnes of gold kept in the custody of the Bank of England and the Bank for International Settlements (BIS). 20.26 metric tonnes were also held in the form of gold deposits.

This means that about 214 tonnes were brought back to India since September 2022 with the government increasing its priority to safeguard its assets amid geopolitical tensions seen globallly. In May, around 100 tonnes were brought back from the Bank of England.

This is also because the share of gold in India's total foreign exchange reserves increased from 8.15% at the end of March 2024 to about 9.32% at the end of September 2024, according to the report.

Why does India as well as other countries store gold with the Bank of England?

The RBI stores gold in England primarily due to the immediate access to the London bullion market. The Bank of England still remains the world's second-largest custodian of gold after the New York Federal Reserve.

# Perplexity AI's Indian CEO Aravind Srinivas reveals 3-year wait for green card: 'Still haven't gotten'

**NEW DEIHI, (Agency).** "How long does it take for a person who immigrated to the US to get a green card? " This is probably the most common question that someone who is thinking about relocating to America can ask. Chief Product Officer at bodo.ai Rohit Krishnan shared a post highlighting how it is often hard to get a green card, and it received a reply from Perplexity AI's CEO of Indian origin, Aravind Srinivas. "One thing I find about the immigrants dialogue is how few of the people making it seem to know how hard it is to actually immigrate to this country. I've been an immigrant 3x now and US was by far the longest and hardest it's been," Krishnan wrote.



"Not entirely long or hard for good reasons either, though that's a different point. The amount of sheer effort it takes to get in is astronomical. I personally know a large number of extraordinary people who would love to come but just don't want to take on the burden," he added.

Reacting to Krishnan's post, Srinivas remarked, "Yep. I have been waiting for my green card for like the last 3 years. Still haven't gotten it. People mostly have no idea when they talk about immigration."

# पांच लाख के नोटों से पहली बार इंदौर की अन्नपूर्णा माता का श्रृंगार

## भक्तों ने सौंपी नोटों की गड्डियां

**इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध अन्नपूर्णा माता मंदिर में दीपावली पर मंदिर के गृभगृह के श्रृंगार में नोटों का इस्तोल किया गया। मंदिर की तीन मूर्तियों के आसपास पांच सौ, दो सौ, पचास और 20 के नोटो का इस्तेमाल किया गया।नोटों के रंगों के कारण श्रृंगार भी भक्तों को लुभा रहा है। मंदिर में पहले कभी भी सजावट में नोटों का इस्तेमाल नहीं किया गया।**

अन्नपूर्णा मंदिर शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। सालभर पहले मंदिर परिसर में 20 करोड़ रुपये की लागत से नया मंदिर तैयार हुआ।मकराना के मार्बल से बने मंदिर के निर्माण में तीन साल का समय लगा था। अवधेशानंद महाराज की मौजूदगी में मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।



### तीन दिन लगे सजावट में

गर्भगृह को नोटों से सजाने के लिए तीन दिन का समय लगा। इसके लिए कड़क नोटों का इस्तेमाल किया गया। भक्तों द्वारा जमा कराए गए नोटों को रंगों के हिसाब से सजाया गया। तीन दिन तक मंदिर में नोटों का श्रृंगार रहेगा।

इसके बाद भक्तों को वह पैसा बरकत के तौर पर वापस लौटा दिया जाएगा। दीपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य में मंदिर में 11 हजार दीप भी जलाए जाएंगे। इसके अलावा गुरुवार को 56 भोग भी लगाया जाएगा। मंदिर में फूल बंगला भी सजाया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक